Google for Education

# शिक्षा के क्षेत्र में एआई के इस्तेमाल के बारे में जानकारी

## एआई के क्षेत्र में Google की भूमिका का इतिहास और भविष्य

एआई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बड़े बदलाव किए जा सकते हैं, लेकिन यह हमारे लिए नई नहीं है. Search, Gmail, Photos, और YouTube जैसे कई Google प्रॉडक्ट में इसका पहले से इस्तेमाल किया जा रहा है. एआई, Google के प्रॉडक्ट को बेहतर और सुरक्षित तरीके से काम करने में मदद करता है. हाल ही में, जनरेटिव एआई के क्षेत्र में काफ़ी प्रगति हुई है. पुराने एआई टूल की तुलना में, Gemini और NotebookLM जैसे नए टूल इस्तेमाल करके लोग और भी कई बेहतरीन काम कर सकते हैं.

हमें पूरा भरोसा है कि एआई की मदद से छात्र-छात्राएं, एजुकेटर, और स्कूल कम्यूनिटी के अन्य लोग अपनी पूरी क्षमता से काम कर पाएंगे. एआई ऐसे कई तरीकों से मदद करेगा जिनके बारे में हमने अभी सोचा भी नहीं है. एआई एक निजी असिस्टेंट के तौर पर कई तरह के कामों में मदद कर सकता है. इसका इस्तेमाल करके, रचनात्मक तरीके से काम किया जा सकता है और प्रॉडक्टिविटी बढ़ाई जा सकती है. एआई बेहतर और दिलचस्प तरीकों से नई चीज़ें सीखने और समझने में भी मदद कर सकता है.

## एआई, एमएल, एलएलएम, और जेन एआई के बारे में जानकारी

इनके बारे में यहां बताया गया है:

- **आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई):** यह कंप्यूटर प्रोग्रामिंग है. इसमें एआई सिस्टम सीखते हैं और अडैप्ट करते हैं. इसका मतलब है कि एआई सिस्टम को इंसानों जैसा बर्ताव करना सिखाया जाता है
- **मशीन लर्निंग (एमएल):** इस तकनीक की मदद से मशीनें, डेटा का इस्तेमाल करके अपने-आप सीखती हैं
- **लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम):** ये मशीन लर्निंग मॉडल होते हैं. ये इंसानों की भाषा को समझ सकते हैं, उसे जनरेट कर सकते हैं, और उससे जुड़े अनुमान लगा सकते हैं
- **जनरेटिव एआई (जेन एआई):** इसका मतलब है, एआई का इस्तेमाल करके नया कॉन्टेंट बनाना. जैसे- टेक्स्ट, इमेज, संगीत, ऑडियो, कोड, और वीडियो

## भविष्य की ज़रूरत और ज़िम्मेदारी के बीच संतुलन बनाना

Google का हमेशा से मानना है कि एआई को ज़रूरत के मुताबिक और ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए. शिक्षा के क्षेत्र में काम आने वाले प्रॉडक्ट बनाते समय, हम खास तौर पर एआई से जुड़े अपने सिद्धांतों का पालन करते हैं.

इसका मतलब है कि हम अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शिक्षा के क्षेत्र की गहरी समझ के आधार पर टूल डेवलप करते समय, एजुकेटर की राय को भी अहमियत देते हैं. हम सीखने-सिखाने के अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करने वाले प्रॉडक्ट बनाने के लिए, शिक्षा समुदाय के लोगों के साथ मिलकर काम करते हैं. इसलिए, एआई की मदद से काम करने वाले टूल का इस्तेमाल करने पर, स्कूल भरोसा कर सकते हैं कि हमारे प्रॉडक्ट पूरी तरह सुरक्षित हैं. साथ ही, उन्हें एजुकेटर और छात्र-छात्राओं को ध्यान में रखकर ज़िम्मेदारी से बनाया गया है.

### Google के एआई से जुड़े सिद्धांतों को शिक्षा के क्षेत्र में लागू करना

साल 2018 में, हम एआई से जुड़े सिद्धांत बनाने और लागू करने वाली शुरुआती कंपनियों में से एक थे. ऐसा इसलिए, क्योंकि हम एआई को पूरी ज़िम्मेदारी के साथ डेवलप करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इन सिद्धांतों को शिक्षा से जुड़े टूल पर लागू करते समय, हम खुद से ये सवाल पूछते हैं:

1. क्या शिक्षा के क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल करना सही है? क्या यह भरोसेमंद और सुरक्षित है?
2. क्या एजुकेटर और छात्र-छात्राओं को यह पता है कि इसे कहां और कैसे इस्तेमाल करना है और इसके फ़ायदे क्या हैं?
3. क्या यह अलग-अलग बैकग्राउंड और लेवल के उपयोगकर्ताओं की मदद कर पाता है?
4. ज़रूरत पड़ने पर बच्चों की मदद करने के लिए, क्या एजुकेटर को इस बात की जानकारी होती है कि बच्चे, एआई का इस्तेमाल किस तरह कर रहे हैं?
5. क्या यह काम को आसानी से पूरा करने में एजुकेटर और छात्र-छात्राओं की मदद करता है?
6. क्या यह स्टाफ़ और छात्र-छात्राओं को सही सहायता उपलब्ध कराने में लीडर्स की मदद करता है?
7. क्या यह लीडर्स को ज़रूरत के मुताबिक टूल और कंट्रोल उपलब्ध कराता है?
8. क्या यह शैक्षणिक संस्थान की ज़रूरतों को पूरा करने में मददगार है?
9. क्या यह एजुकेशन लीडर को ज़रूरत के मुताबिक विज़िबिलिटी और अहम जानकारी उपलब्ध कराता है?

एआई टूल कभी भी किसी एजुकेटर की विशेषज्ञता, ज्ञान या रचनात्मकता की जगह नहीं ले सकते. हालांकि, ये सीखने-सिखाने के अनुभव को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं.

© 2024 Google LLC. 1600 Amphitheatre Parkway, Mountain View, CA 94043.

## शिक्षा से जुड़े टूल को बेहतर बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल

शिक्षा के क्षेत्र में एआई कई तरह से मदद कर सकता है. जैसे, लोगों को उनकी ज़रूरत के हिसाब से सिखाना, रीयल-टाइम में फ़ीडबैक देना, सभी को शिक्षा से जुड़े संसाधन उपलब्ध कराना, और डिजिटल सुरक्षा बढ़ाना. एआई टूल इस्तेमाल करने से एजुकेटर का समय भी बचेगा. जो संगठन, Google Workspace for Education और Chromebook डिवाइसों का इस्तेमाल करते हैं उनका अपने डेटा पर पूरा कंट्रोल रहता है. साथ ही, उन्हें यह भरोसा होता है कि उनकी अनुमति के बिना, उनके डोमेन के बाहर के मॉडल को ट्रेनिंग देने के लिए उनका डेटा इस्तेमाल नहीं किया जाएगा.

### एजुकेटर को ज़रूरी संसाधन और समय देना

एआई टूल इस्तेमाल करने से एजुकेटर का समय बच सकता है. इससे वे अपने और छात्र-छात्राओं के डेवलपमेंट पर ज़्यादा ध्यान दे सकते हैं. साथ ही, वे रचनात्मक तरीके से काम कर सकते हैं और प्रॉडक्टिविटी बढ़ा सकते हैं.

#### ज़्यादा इंटरैक्टिव

**Classroom में YouTube वीडियो में इंटरैक्टिव सवाल जोड़ने की सुविधा** दिलचस्प वीडियो लेसन बनाने में मदद करती है. यह सुविधा, अपने-आप ऐसे सवालों के सुझाव देती है जिनसे छात्र-छात्राएं लेसन को बेहतर ढंग से समझ पाएं.

#### ज़्यादा प्रॉडक्टिविटी

**Gemini** एक बेहतरीन टूल है, जो मिलकर काम करने की सुविधा देता है. यह रचनात्मक तरीके से काम करने के लिए, लोगों को नए-नए आइडिया भी दे सकता है. साथ ही, यह कई तरह के कामों में मदद कर सकता है. जैसे- प्रज़ेंटेशन बनाना, ईमेल लिखना, और स्लाइड के लिए इमेज जनरेट करना.

#### ज़्यादा सुरक्षा

**Google Workspace for Education** में एआई की मदद से काम करने वाली कई सुरक्षा सुविधाएं हैं. ये सुविधाएं 99.9% मामलों में स्पैम, मैलवेयर, और फ़िशिंग की कोशिशों का पता लगाकर उन्हें रोकने में कारगर रहती हैं. वेरिफ़ाइड बूट जैसी सुविधाएं, सायबर हमलों को रोकती हैं. इसलिए, अब तक किसी भी **ChromeOS** डिवाइस पर रैंसमवेयर हमले की कोई शिकायत नहीं मिली है.

### छात्र-छात्राओं को उनकी ज़रूरत के मुताबिक सीखने का मौका देना

अडैप्टिव एआई टूल, हर छात्र-छात्रा को उसकी ज़रूरत के मुताबिक सीखने में मदद कर सकते हैं. छात्र-छात्राएं इन टूल का इस्तेमाल करके, अपनी जानकारी को बढ़ा सकते हैं और दुनिया को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं.

#### ज़्यादा मददगार

**Google Classroom में मौजूद प्रैक्टिस सेट**, छात्र-छात्राओं को रीयल-टाइम में अपने-आप फ़ीडबैक दिए जाने में एजुकेटर की मदद करते हैं. सवाल हल करते समय, ज़रूरत पड़ने पर सुझाव भी मिलते हैं.

#### ज़्यादा सुलभ

**Chromebook** डिवाइसों में पहले से मौजूद एआई इन कामों को बेहतर ढंग से करने में मदद करता है: लिखाई को बोली में बदलना, बोलकर लिखवाना, और लाइव कैप्शन या सबटाइटल जनरेट करना. **Google Meet**, बोली को अपने-आप लेख में बदलने, ग़ैर-ज़रूरी आवाज़ें कम करने, और कैप्शन जनरेट करने के लिए एआई का इस्तेमाल करता है.

#### ज़्यादा अडैप्टिव

**Classroom में इंटिग्रेट किया गया Read Along ऐप्लिकेशन**, पढ़ने का कौशल डेवलप करने में छात्र-छात्राओं की मदद करता है. इसके लिए, वह लिखाई को बोली में बदलने और आवाज़ पहचानने वाली सुविधाएं इस्तेमाल करता है.

एआई के बारे में ज़्यादा जानकारी पाने में छात्र-छात्राओं की मदद करें
एआई गाइड देखें

** ध्यान दें कि प्रॉडक्ट और सुविधा की उपलब्धता में समय-समय पर बदलाव होते रहेंगे. ऐसा भी हो सकता है कि कोई प्रॉडक्ट या सुविधा सभी मार्केट में उपलब्ध न हो.*

© 2024 Google LLC. 1600 Amphitheatre Parkway, Mountain View, CA 94043.

Google for Education

# Google for Education में एआई के इस्तेमाल के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

## खाते और ऐक्सेस

### स्कूल वाले Google खाते से ऐक्सेस किए जाने वाले एआई टूल और निजी उपभोक्ता खाते से ऐक्सेस किए जाने वाले एआई टूल में क्या अंतर है?

#### स्कूल वाले Google खाते से ऐक्सेस किए जाने वाले एआई टूल

Google for Education, टूल का एक सुइट है. इसमें Google Workspace for Education और Chromebook डिवाइस शामिल हैं. ये टूल, स्कूलों में सीखने और सिखाने से जुड़ी मदद करने के लिए बनाए गए हैं. इन सुरक्षित और निजी खातों को स्कूल के एडमिन मैनेज करते हैं.

इन दमदार टूल की मदद से, स्कूल के एडमिन यह कंट्रोल कर सकते हैं कि स्कूल में छात्र-छात्राएं इंटरनेट पर क्या देख सकते हैं और क्या कर सकते हैं. ये टूल बेहतर ढंग से छात्र-छात्राओं की निजता की सुरक्षा करते हैं. अभिभावक की सहमति से, स्कूल के एडमिन उन सेवाओं को चालू और बंद भी कर सकते हैं जो Google Workspace for Education की मूल सेवाओं में शामिल नहीं हैं. Google Workspace for Education की मूल सेवाओं में विज्ञापन नहीं दिखाए जाते. साथ ही, किंडरगार्टन से बारहवीं क्लास तक के छात्र-छात्राओं के खातों का डेटा, दिलचस्पी के मुताबिक विज्ञापन दिखाने के लिए कभी इस्तेमाल नहीं किया जाता.

#### निजी उपभोक्ता खाते से ऐक्सेस किए जाने वाले एआई टूल

सीखने-सिखाने के लिए Google के अन्य टूल भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं, जैसे कि Google Search और YouTube. हालांकि, ऐसा हो सकता है कि इन टूल को निगरानी वाले या स्कूल वाले Google Workspace for Education खाते से ऐक्सेस न किया जा सके. निजी Google खातों पर, उपभोक्ता के लिए तय की गई Google की सेवा की शर्तें और निजता नीति लागू होती है. निजी Google खातों वाले उपयोगकर्ताओं के पास, लोगों के हिसाब से विज्ञापन दिखाने की सुविधा बंद करने का विकल्प होता है. यह सुविधा, 18 साल से कम उम्र के उपयोगकर्ताओं के लिए अपने-आप बंद रहती है. Google, Family Link जैसे टूल उपलब्ध कराता है. ये टूल, ऐप्लिकेशन को अनुमति देने और डिवाइस के इस्तेमाल की समयसीमा सेट करने जैसी सुविधाएं देते हैं. इनसे माता-पिता और अभिभावकों को बच्चों के खाते, डिवाइस, और ऑनलाइन गतिविधि मैनेज करने में मदद मिलती है.

छात्र या छात्रा के निजी खाते और स्कूल वाले खाते के बीच कोई संबंध नहीं होता है. इसका मतलब है कि ग्रेजुएशन के बाद, स्कूल वाले खाते में मौजूद डेटा को निजी खाते में ट्रांसफ़र नहीं किया जाता. इसके अलावा, स्कूल न तो उस डेटा का इस्तेमाल करता है और न ही उसे सेव करके रखता है.

### क्या 18 साल से कम उम्र के उपयोगकर्ता, Google Workspace for Education में शामिल जनरेटिव एआई टूल ऐक्सेस कर सकते हैं?

हम चाहते हैं, स्कूल के एडमिन के पास यह कंट्रोल करने की सुविधा हो कि छात्र-छात्राएं स्कूल वाले खातों में साइन इन करके जेन एआई टूल ऐक्सेस कर सकते हैं या नहीं. साथ ही, एडमिन यह भी तय कर सकें कि इन टूल का ऐक्सेस मिलने पर, छात्र-छात्राएं इन्हें कैसे इस्तेमाल सकते हैं. हम यह भी चाहते हैं कि छात्र-छात्राओं को इन टूल के ऐक्सेस और इस्तेमाल से जुड़ी नीतियों के बारे में साफ़ तौर पर बताया जाए. फ़िलहाल, Google Workspace for Education के 18 साल से कम उम्र के उपयोगकर्ताओं के लिए, हम स्कूल के एडमिन को Gemini जैसे जेन एआई टूल का ऐक्सेस चालू करने की सुविधा उपलब्ध नहीं करा रहे हैं. हमने यह फ़ैसला एडमिन के सुझावों के आधार पर लिया है. स्कूल के एडमिन चाहते हैं कि स्टाफ़ के सदस्य और शिक्षक पहले इन टूल को स्कूल में अच्छी तरह आज़माकर देख लें. यह इसलिए भी ज़रूरी है, क्योंकि एडमिन को जेन एआई टूल, स्कूल की नीतियों के मुताबिक लागू करने होंगे. इसके अलावा, स्कूलों को यह तय करने के लिए भी समय चाहिए कि शिक्षा से जुड़े लक्ष्यों को पूरा करने के लिए, इन टूल का इस्तेमाल कब और कैसे करना है. हम आगे भी शिक्षा समुदाय के लोगों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, ताकि हम एजुकेटर और छात्र-छात्राओं की मदद करने वाले नए टूल और सुविधाएं डेवलप कर सकें.

### क्या Gemini को Google Workspace for Education खातों से ऐक्सेस किया जा सकता है?

Gemini, एआई की मदद से काम करने वाले उन टूल से अलग है जो हम Google Workspace के लिए बना रहे हैं. इसे उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डेवलप किया गया है. इस पर, उपभोक्ता के लिए तय की गई सेवा की शर्तें लागू होती हैं. साथ ही, जनरेटिव एआई सेवा के इस्तेमाल की अन्य शर्तें भी लागू होती हैं. हालांकि, ऐप्लिकेशन रिलीज़ होने से पहले इस्तेमाल करने की सुविधा की मदद से, Google Workspace एडमिन उन असली उपयोगकर्ताओं को Gemini का ऐक्सेस दे सकते हैं जिनकी उम्र 18 साल या उससे ज़्यादा है. ऐप्लिकेशन रिलीज होने से पहले इस्तेमाल करने की सुविधा, Google Workspace इस्तेमाल करने वाले सभी डोमेन के लिए डिफ़ॉल्ट रूप से बंद रहती है. हालांकि, यह सुविधा चालू होने पर भी 18 साल से कम उम्र के उपयोगकर्ता, अपने Google Workspace for Education खातों से Gemini को ऐक्सेस नहीं कर सकते. साथ ही, वे रिलीज़ होने से पहले इस्तेमाल करने की सुविधा के दायरे में आने वाले अन्य ऐप्लिकेशन भी ऐक्सेस नहीं कर सकते. ध्यान दें कि Gemini अभी एक्सपेरिमेंटल स्टेज में है. इसके जवाब गलत भी हो सकते हैं. इसलिए, क्लास में Gemini के जवाबों का इस्तेमाल करने से पहले एजुकेटर को उनकी जांच करनी चाहिए. साथ ही, Gemini का इस्तेमाल करते समय किसी भी तरह की संवेदनशील जानकारी नहीं डालनी चाहिए, जैसे कि छात्र-छात्रा का डेटा.

Google for Education, उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और निजता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. इसके बारे में ज़्यादा जानने के लिए, Google for Education की निजता और सुरक्षा नीति की जानकारी देने वाले पेज पर जाएं. साथ ही, Google Workspace for Education का निजता नोटिस पढ़ें. इसके अलावा, प्राइमर रिपोर्ट पढ़कर जानें कि Google Workspace for Education की मूल सेवाओं और अतिरिक्त सेवाओं में क्या अंतर है.

© 2024 Google LLC. 1600 Amphitheatre Parkway, Mountain View, CA 94043.

Google for Education

# Google for Education में एआई के इस्तेमाल के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

## निजता और सुरक्षा

### Google, छात्र-छात्राओं के डेटा को कैसे सुरक्षित रखता है?

Google for Education, उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा करने और निजता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. दूसरे शब्दों में, निजता और सुरक्षा ही हमारे प्लैटफ़ॉर्म के मूल सिद्धांत हैं. Google Workspace for Education में Gmail, Google Calendar, और Classroom जैसी सभी मूल सेवाओं पर ये तीन बातें लागू होती हैं: ये सभी सेवाएं डिफ़ॉल्ट रूप से सुरक्षित हैं. इन्हें उपयोगकर्ताओं की निजता को ध्यान में रखकर बनाया गया है और इनमें विज्ञापन नहीं दिखाए जाते. एआई के साथ काम करने वाली सुविधाएं, हमारे टूल को कई तरह से इस्तेमाल करने में मदद करती हैं. हालांकि, हमारी व्यापक निजता नीतियां और प्रक्रियाएं यह पक्का करती हैं कि संगठनों और उपयोगकर्ताओं के पास अपने डेटा का पूरा कंट्रोल रहे.

हमारी सभी मूल सेवाओं में शिक्षा से जुड़े स्थानीय, राष्ट्रीय, और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कड़े अनुपालन मानकों का पालन किया जाता है. जैसे, जीडीपीआर, एफ़ईआरपीए, और कोपा. साथ ही, स्कूलों और उपयोगकर्ताओं के पास हमेशा अपने डेटा का कंट्रोल रहता है. Google Workspace for Education को हमारे सुरक्षित और भरोसेमंद टेक्नोलॉजी इन्फ़्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करके बनाया गया है. इसे इंडस्ट्री का सबसे अच्छा इन्फ़्रास्ट्रक्चर माना जाता है. Google Workspace for Education के उपयोगकर्ताओं को वही सुरक्षा सुविधाएं मिलती हैं जिन्हें
Google अपनी सेवाओं को सुरक्षित रखने के लिए इस्तेमाल करता है. दुनिया भर में एक अरब से ज़्यादा लोग हर दिन Google की सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं और उन पर भरोसा करते हैं. Chromebook डिवाइसों में कई लेयर वाली सुरक्षा सुविधाएं मौजूद होती हैं. इसलिए, ये वायरस और मैलवेयर से सुरक्षित रहते हैं. इनकी सुरक्षा के लिए आपको किसी अन्य सॉफ़्टवेयर की ज़रूरत नहीं होती है. जब भी किसी Chromebook डिवाइस को चालू किया जाता है, तब बैकग्राउंड में अपने-आप उसकी सुरक्षा की जांच होती है. Chromebook डिवाइसों को एक ही कंसोल से मैनेज किया जा सकता है. इसलिए, स्कूल के आईटी एडमिन के लिए नीतियां और सेटिंग कॉन्फ़िगर करना काफ़ी आसान हो जाता है. जैसे- सुरक्षित ब्राउज़िंग की सेटिंग चालू करना या नुकसान पहुंचाने वाली साइटों को ब्लॉक करना.

### क्या Google Workspace for Education के डेटा का इस्तेमाल, Google के Gemini और Search जैसे जनरेटिव एआई टूल को ट्रेनिंग देने के लिए किया जाता है?

Google Workspace for Education की मूल सेवाओं में जनरेटिव एआई और एलएलएम का इस्तेमाल होता है. इनकी मदद से Gemini, Search, और Google Workspace के बाहर मौजूद कई सिस्टम काम करते हैं. हालांकि, मूल सेवाएं इस्तेमाल करने के दौरान आपकी अनुमति के बिना, जनरेटिव एआई और एलएलएम को ट्रेनिंग देने या बेहतर बनाने के लिए आपका 'ग्राहक से जुड़ा डेटा' इस्तेमाल नहीं किया जाता है. साथ ही, Gemini for Workspace जैसे टूल इस्तेमाल करते समय डाले गए प्रॉम्प्ट, बाद में उपयोगकर्ता की अनुमति के बिना इस्तेमाल नहीं किए जाते.

### Google यह कैसे पक्का करता है कि एआई की मदद से काम करने वाली टेक्नोलॉजी बच्चों के लिए सुरक्षित है?

Google अपने उपयोगकर्ताओं, खास तौर पर बच्चों की सुरक्षा को गंभीरता से लेता है. हमारा मानना है कि एआई एक दमदार टेक्नोलॉजी है, इसलिए इसे शुरू से ही ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल करना बहुत ज़रूरी है. इसका मतलब है, हम एआई की मदद से काम करने वाली सुविधाएं और प्रॉडक्ट इस तरह बनाते हैं कि वे उपयोगकर्ताओं की उम्र के हिसाब से सही और सुरक्षित हों. इसके लिए, हम ज़रूरी रिसर्च भी करते हैं. किसी भी प्रॉडक्ट को लॉन्च करने से पहले हम उसे बेहतर ढंग से टेस्ट करते हैं, ताकि उससे होने वाले संभावित नुकसानों को कम कर सकें. हम प्रॉडक्ट को टेस्ट करने की प्रक्रिया में अलग-अलग तरह के अनुभव और बैकग्राउंड वाले लोगों को शामिल करते हैं. इससे, हमारे प्रॉडक्ट में होने वाले किसी भी तरह के भेदभाव को पहचानने और कम करने में मदद मिलती है.

## पार्टनरशिप और संसाधन

### क्या क्लासरूम में इस्तेमाल किए जाने वाले एआई टूल डेवलप करते समय Google, एजुकेटर और विशेषज्ञों की सलाह लेता है?

नई टेक्नोलॉजी पर काम करते समय, हम हमेशा इस बात का ध्यान रखते हैं कि इस प्रक्रिया में स्कूल, एजुकेटर, शिक्षा के विशेषज्ञों (जैसे, सीखने के कौशल पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिक), और इस क्षेत्र में काम कर रहे संगठनों को भी शामिल किया जाए. हमारा मकसद, एजुकेटर के साथ मिलकर उनके लिए प्रॉडक्ट बनाना है. अपने कस्टमर एडवाइज़री बोर्ड और Google for Education पायलट प्रोग्राम की मदद से, हम दुनिया भर की स्कूल कम्यूनिटी के लोगों के साथ मिलकर भी काम करते हैं. हम अपने प्रॉडक्ट और सुविधाओं के बारे में उनसे फ़ीडबैक लेते हैं. इसके बाद ही, हम अपने प्रॉडक्ट और सुविधाओं को सभी के लिए उपलब्ध कराते हैं. स्कूल कम्यूनिटी के लोगों के नज़रिये और प्रॉडक्ट इस्तेमाल करने के तरीके को समझने से, हमें बेहतर ढंग से प्रॉडक्ट डेवलप करने में मदद मिलती है. साथ ही, प्रॉडक्ट इस्तेमाल करते समय आने वाली उनकी समस्याओं को हल करके, हम अपने प्रॉडक्ट से होने वाले संभावित नुकसानों को भी कम कर सकते हैं. हम समय-समय पर नई सुविधाएं भी रिलीज़ करते हैं, ताकि स्कूल अपनी ज़रूरतों के मुताबिक सही सुविधाएं इस्तेमाल कर सकें.

### Google, शिक्षकों को एआई के बारे में जानकारी देने के लिए कौनसे संसाधन उपलब्ध करा रहा है?

Google की टीमें लगातार एआई से जुड़ा कॉन्टेंट और ट्यूटोरियल बना रही हैं. साथ ही, उन्हें क्यूरेट कर रही हैं. जल्द ही, और कॉन्टेंट उपलब्ध कराया जाएगा. नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके, हमारा कुछ पसंदीदा कॉन्टेंट देखा जा सकता है:

- Grow with Google: एआई और मशीन लर्निंग से जुड़े कोर्स
- Applied Digital Skills: रोज़मर्रा के कामों में एआई का इस्तेमाल
- Google Cloud Skills Boost: जेन एआई के इस्तेमाल के बारे में जानकारी
- मशीन लर्निंग के बारे में जानकारी
- Google Arts & Culture: एआई के बारे में खास जानकारी

Google, एआई से जुड़े संसाधन बनाता है. साथ ही, वह Teach AI Advisory (एआई के विशेषज्ञों का ग्रुप) का हिस्सा है. Google, इंटरनैशनल सोसाइटी फ़ॉर टेक्नोलॉजी इन एजुकेशन (आईएसटीई) के साथ मिलकर AI Action Exchange (रिसर्च करने वाले लोगों, एजुकेटर वगैरह की कम्यूनिटी) को लीड भी कर रहा है.

© 2024 Google LLC. 1600 Amphitheatre Parkway, Mountain View, CA 94043.